अमर उजाला 28/01/2024

कार्यशाला में सीखे नौकरी पाने के गुर

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में शनिवार को अंग्रेजी विभाग ने प्लेसमेंट सेल और कंपनी के सहयोग से सामूहिक चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें फाइनल ईयर के विद्यार्थियों ने ज्ञान प्राप्त किया कि सहज, सरल और पारदर्शिता से भविष्य में किस प्रकार नौकरी हासिल की जा सकती है।

कार्यशाला की संयोजिका अंग्रेजी विभाग से डॉ. ज्योति ने विद्यार्थियों को सरल भाषा में साक्षात्कार के विभिन्न तरीकों के बारे में अवगत करवाया। इस मौके पर सह-संयोजिका डॉ अनुपमा सिहाग, आयोजन सचिव मैडम महक, कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सीमा कंसल विद्यार्थियों को ज्ञान दिया। लगभग 110 विद्यार्थियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। डॉ. अमित कुमार अंग्रेजी विभागाध्यक्ष ने अंत में धन्यवाद भाषण प्रेषित किया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग से मैडम कमलेश, डॉ. अंशु चौधरी और डॉ. नीना आदि मौजूद रहे। संवाद